**कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला सतना (म.प्र.)**

ई मेल आई.डी - ddsjsatna@gmail.com

क्रमांक / सा.न्या. / स्था. / जि.दि.पु.के. / 2023–24 / 1496 सतना, दिनांक– 6.9.23

प्रति

आयुक्त,
जनसम्पर्क म0प्र0 भोपाल
(विज्ञापन शाखा)

विषय– जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सतना में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने के संबंध में।

********

विषयान्तर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सतना में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पदवार विज्ञापन तैयार किया गया है।

उपरोक्त विज्ञापन, पत्र के साथ संलग्न किया जाकर आपकी ओर प्रेषित किया जा रहा है। निवेदन है कि शासन के नियमानुसार उक्त विज्ञापन राज्य स्तरीय / स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

उप संचालक 6/9/23
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण
जिला सतना (म.प्र.)

क्रमांक / सा.न्या. / स्था. / जि.दि.पु.के. / 2023–24 / 1497 सतना, दिनांक– 6.9.23

प्रतिलिपि

1. प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर, जिला सतना की ओर सादर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सतना की ओर सूचनार्थ।
5. जिला रोजगार अधिकारी, जिला सतना की ओर सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला सतना की ओर एक प्रति एन.आई.सी. सतना के पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

उप संचालक 6/9/23
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण
जिला सतना (म.प्र.)

# कार्यालय उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला सतना (म.प्र.)

ई मेल आई.डी - ddsjsatna@gmail.com

क्रमांक / सा.न्या. / स्था. / जि.दि.पु.के. / 2023–24 / 1498 सतना, दिनांक– 6-9-23

## विज्ञप्ति

उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क्र./2475/1306216/23/26–2 भोपाल दिनांक 23.08.2023 द्वारा भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नई दिल्ली द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की 01.04.2022 को नवीन मार्गदर्शिका अनुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिशा निर्देशों के अनुरूप परिशिष्ट 'ब' अनुसार 01 वर्ष के लिए संविदा आधार पर रिक्त पदो के विरूद्ध पूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता से संलग्न नियत समय सीमा में की जानी है उक्त सभी रिक्त पदों हेतु निर्धारित संलग्न प्रारूप में आवेदन पत्र में दिनांक 21.09.2023 तक जिला स्तर पर आमंत्रित किये जाते है। उपरोक्त पदों की निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/कार्य अनुभव का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं | राज्य शासन द्वारा स्वीकृत मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीनियर प्रोस्थेटिस्ट/आर्थोटिस्ट | 1 | आरसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से प्रोस्थेटिक्स और आर्थोटिक्स (बी. पी. ओ.) में स्नातक | 20,500.00 प्रतिमाह |
| 2 | सीनियर स्पीच थेरापिष्ट आडियोलाजिस्ट | 1 | आडियोलाजी और स्पीच एंड लैंग्वेज पैथोलाजी (बी. ए. एस. एल. पी.) में स्नातक या बी. एस. सी. स्पीच एण्ड हियरिंग | 20,500.00 प्रतिमाह |
| 3 | हियरिंग असिस्टेंट जूनियर स्पीच थेरापिष्ट (ईयर मोल्ड टेक्निशियन) | 1 | श्रवण यंत्रों की जानकारीए मरम्मत/कर्ण मोल्ड बनाने के साथ वाक् एव श्रवण में डिप्लोमा **स्पीच एण्ड हियरिंग तक्नीशियन** पात्रता हियरिंग लेंग्वेज और स्पीच में डिप्लोमा (डी. एच. एल. एस.) **ईयर मोल्ड टेक्निशियन** पात्रता हियरिंग एड रिपेयर और ईयर मोल्ड प्रोद्योगिकी में डिप्लोमा (बी. एच. ए. आर. ई. एम. टी) | 16,000.00 प्रतिमाह |
| 4 | मोबिलिटि इन्ट्रक्टर | 1 | दसवीं + गतिशीलता में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा पात्रता : अधिमानत गतिशीलता विज्ञान में स्नातक (बी. एम. एस. सी.) या दृष्टि बाधिता में डी. एड विशेष शिक्षा/बी. एड. विशेष शिक्षा | 14,500.00 प्रतिमाह |
| 5 | मल्टीपरपज रिहेब्लीटेशन वर्कर | 1 | बहु उद्देशीय पुनर्वास कार्यकर्ता पात्रता समुदाय आधारित पुनर्वास(पीजीडीसीबीआर) में पोस्ट ग्रेजुऐशन समुदाय आधारित पुनर्वास (डीसीबीआर) समुदाय आधारित समावेशी विकास (सीबीआईडी) एम आर डब्ल्यु में डिप्लोमा | 14,500.00 प्रतिमाह |
| 6 | अटेंएडेंट कम प्यून कम मेसेन्जर | 1 | आठवी पास | 9,500.00 प्रतिमाह |
| 7 | एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर | 1 | स्नातकोत्तर एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव | 18,000.00 प्रतिमाह |
| 8 | वोकेशनल काउंसलर कम कम्प्यूटर असिस्टेंट | 1 | व्यवसायिक पुनर्वास में डिप्लोमा (डीव्हीआर) बाल मार्गदर्शन और परामर्श में एडवांस्ड डिप्लोमा (एडीसीजीसी) पुनर्वास विज्ञान में स्नातक | 14,500.00 प्रतिमाह |
| 9 | ट्रान्स डिसिप्लिनरी स्पेशल एडुकेटर (एम. आर.) | 2 | दो पदों के लिए पात्रता (1) श्रवण बाधिता में डीईडीएसई/बीईडीएसई (2) वी. आई/आईडी/सीपी एएसडी/एमडी/डीबी एसएलडी में डीईडीएसई/बीईएसई | 16,000.00 प्रतिमाह |

## नियुक्ति संबंधी शर्तें:–

1. उपरोक्त सभी पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधान से मुक्त होंगे।
2. सभी पद शासन द्वारा निश्चित मानदेय पर स्वीकृत हुए हैं। उक्त पद पर चयनित उम्मीदवार का भविष्य में नियमितिकरण किये जाने हेतु कोई भी दावा/वाद स्वीकार एवं मान्य नहीं होगा।
3. नियुक्ति पूर्णतः संविदा पर 01 वर्ष के लिए रहेगी। किसी भी एक पक्ष द्वारा 01 माह के पूर्व नोटिस पर किसी भी समय सेवाएं समाप्त की जा सकती है। एक वर्ष के पश्चात सेवाए संतोषप्रद पाए जाने पर पुनः सेवा में वृद्धि की जा सकेगी।
4. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति के पूर्व पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल करवाया जावेगा। अनुकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।
5. उम्मीदवार का चयन मेरिट/काउन्सलिंग/साक्षात्कार जैसी भी स्थिति होगी जिला प्रबंधन दल(डीएमटी) द्वारा तय की जावेगी। जिसके संबंध में कोई वाद–विवाद मान्य नहीं किया जावेगा।
6. निर्धारित योग्यता की शर्तें पूर्ण नही करने की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। जिसके संबंध में पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
7. आयु न्यूनतम एवं अधिकतम शासन के नियमानुसार होगी।
8. आवेदन पात्र पाए जाने पर आवश्यकतानुसार साक्षात्कार/काउन्सलिंग की सूचना उनके आवेदन पत्र में दर्शाये गये वर्तमान पत्र व्यवहार के पते पर ही दी जावेगी।
9. आवेदक आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर आवेदित पदनाम का उल्लेख अवश्य करें।
10. न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की गणना रिक्त पदो के विज्ञप्ति के केलेण्डर वर्ष 01 जनवरी 2023 के संदर्भ में की जावेगी।
11. विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कलेक्टर जिला सतना का ही मान्य होगा।
12. यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापित पदों में से एक से अधिक पदो के लिए आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है तो ऐसे पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करने होंगे। एक आवेदन पत्र एक ही पद के लिए स्वीकार्य होगा।
13. जो आवेदक पूर्व में नियोजित हैं उन्हें आवेदन पत्र के साथ अपने नियोजक का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
14. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये सभी प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की छायाप्रति स्वयं के द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।
15. उक्त पदों पर चयनित प्रतिभागियों (तकनीकी) को भारतीय पुनर्वास परिषद (आर.सी.आई.) दिल्ली से जीवित पंजीकृत होना एवं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
16. अंतिम तिथि 21.09.2023 सायं 5.30 के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
17. आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला सतना म.प्र., द्वितीय तल कलेक्ट्रेट भवन धवारी में सीधे जमा किया जा सकता है अथवा डॉक द्वारा प्रेषित किया जा सकता है। डॉक के माध्यम से दिनांक 21.09.2023 के बाद प्राप्त आवेदन शामिल नहीं किये जावेंगे।
18. उक्त विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी/शर्तें/आवेदन पत्र का प्रारूप जिले की वेबसाइट www.satna.nic.in में देखी जा सकती है।

(कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)

उप संचालक
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण
जिला सतना (म.प्र.)